बिहार सरकार

वित्त(अंकेक्षण) विभाग

भागलपुर प्रमंडल ,भागलपुर

अंकेक्षण प्रतिवेदन संख्याँ :– 92/09–10

परिचयात्मक :–

(क) अंकेक्षित लेखा का नाम :– प्रखंड विकास कार्यालय खरीक भागलपुर ।

(ख) अंकेक्षणार्गत लेखावधि :– वर्ष 1998 –99 से 2002–03

(ग) प्रशासी विभाग का नाम :– ग्रामीण विकास विभाग।

(ध) अंकेक्षण अवधि के नियंत्री पदाधिकारी का नाम पदनाम एवं कार्यालय :–

(i) श्री सी0 पी0 चौधरी उपविकास आयुक्त भागलपुर – 1.4.98 से 2.7.98 तक

(ii) श्रीमति अंशुली आर्या जिला पदाधिकारी – 03.07.98 से 14.07.98 तक

(iii) श्री बाल मुकुन्द शर्मा उपविकास आयुक्त – 15.7.98 से 3.5.99 तक

(iv) श्रीमती अंशुली आर्या जिला पदाधिकारी – 4.5.99 से 14.5.99 तक

(v) श्रीमती ए0 उषा रानी सिंह उप विकास आयुक्त – 15.5.99 से 29.12.2000 तक

(vi) श्री निरंजन कुमार चौधरी उप विकास आयुक्त – 30.12.2000 से 21.8.02 तक

(vii) श्री रणविजय प्रसाद – 22.8.02 से 3.3.03 तक

(viii) डा0 के0 पी0 रमैया जिला पदाधिकारी – 4.3.03 से 31.0.03 तक

(ड़) अंकेक्षण अवधि में लेखा के प्रभारी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का नाम पदनाम एवं कार्यकाल :–

(i) श्री गोरे लाल मंडल प्रखंड विकास पदाधिकारी – 1.4.98 से 8.9.98 तक

(ii) श्री रामनरायण यादव प्रखंड विकास पदाधिकारी – 9.9.98 से 31.1.2000 तक

(iii) श्री शिवशंकर प्रसाद प्रखंड विकास पदाधिकारी – 31.3.00 से 10.2.03 तक

(iv) श्री रविश किशोर प्रखंड विकास पदाधिकारी –10.2.03 से 31.3.03 तक

(v) श्री विन्देश्वर झा सहायक प्रभारी नाजीर – 1.4.98 से 28.12.01 तक

(vi) श्री अभिनंदन कुमार सहायक प्रभारी नाजीर – 29.12.01 से 31.3.03 तक

(च) अंकेक्षण में सहयोग देने वाले पदाधिकारी एवं कर्मचारी का नाम पदनाम :–

(i) श्री धनश्याम प्रसाद नाजीर

(ii) श्री अभय कुमार मिश्र – लेखापाल

(छ) वरीय अंकेक्षकों का नाम :–

(i) श्री भुवनेश्वर मंडल – व0 अं0(2)

(ii) श्री भोला नाथ मंडल – व0 अं0 (2)

(ज) अंकेक्षण प्रारभ्भण तिथि :– 05.09.2008

(झ) अंकेक्षण समापन तिथि :– 12.11.2009

(ञ) अंकेक्षण में व्यतीत कार्य दिवस :– 125 दिन

(ढ) अंकेक्षण में प्रस्तुत एवं अप्रस्तुत अभिलेखो की सूची :– प्रतिवेदन के परिशिष्ट ''क'' पर है।

(ठ) अंकेक्षण का क्षेत्र :–

विभागीय ज्ञापांक 3286 दिनांक 16.09.60 के आलोक में उपलब्ध अभिलेखो के आधार पर इस कार्यालय का अंकेक्षण सम्पन्न किया गया। इस कार्यालय द्वारा अंकेक्षणावधि में निकासी एवं जमा राशियों का सत्यापन कोषागार अभिलेखो से किया गया और सही पाया गया। महालेखाकार के एक निरीक्षण –प्रतिवेदन का अनुपालन नही पाया गया तथा वित्त (अंकेक्षण) विभाग के अंकेक्षण प्रतिवेदन सं0 152/03.04 लेखावर्ष 94–95 से 96–97 तक अंकेक्षण में प्रस्तुत किया गया, जिसका यथोचित एवं वांछित अनुपालन किया नही पाया गया । अतः लम्बित अंकेक्षण प्रतिवेदन का अनुपालन शीध्र कराकर वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को प्रेषित करने की ओर विभागीय उच्चधिकारी का ध्यान विशेषरूप से आकृष्ट किया जाता है।

(ड़) वित्तीय समीक्षा :–

इस कार्यालय को अंकेक्षणावधि में प्राप्त आवंटन एवं व्यय की विवरणी प्रतिवेदन के परिशिष्ट ''ख'' एवं संलग्न है। आवंटन एवं व्यय विवरणी के अकलोकन से स्पष्ट होगा कि शीर्ष 2515(अन्य),2505 जे0 आर0 वाई0 आदि में बचत राशियों का प्रत्यार्पण किया गया नही

पाया गया,जो घोर वित्तीय अनियमितता का घोतक है। इस ओर सक्षम पदाधिकारी का ध्यान आवश्यक कारवाई हेतु आकृष्ट किया जाता है। विभिन्न शीर्षो में चेक आदि से प्राप्त राशियों एवं व्ययों से सम्बन्धित आय –व्यय विवरणी प्रतिवेदन के परिशिष्ट ''ग'' पर संलग्न है।

शीर्ष 2245 सहाय्य के वर्ष 99–2000 के अभिश्रवों की जाँच में पाया गया कि बाढ़ प्राभावित परिवारों को नगद के अतिरिक्त गेहूँ का भी वितरण दिखाया गया था परन्तु गेहूँ का भंडार पंजी आदि अंकेक्षण में अप्रस्तुत रहने के कारण यह स्पष्ट नहीं हो सका कि बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए कितनी मात्रा गेहूँ प्राप्त हुआ था और कितना वास्तव में वितरण किया गया था। अतः इस ओर–सक्षम पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि इस संदर्भ में अपने स्तर से आवश्यक जाँच सुनिश्चित करायी जाय एवं वस्तुस्थिति से वित्त(अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी अवगत कराया जाय।

(i) वित्त(अंकेक्षण) विभागीय ज्ञापांक 503 दिनांक 29.01.76 के आलोक में अंकेक्षण प्रारभ्भण में तिथि दिनांक 05.09.08 को सामान्य रोकड़ पुस्त के संवरण शेष रू0–130,17,191=40 का भौतिक सत्यापन प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष कराया गया और सही पाया। संवरण शेष का विस्तृत विवरण प्रतिवेदन के परिशिष्ट ''ध'' पर संलग्न एवं द्रष्टव्य है।

(ii) इस कार्यालय के अंकेक्षणाधीन लेखावधि का प्रारभ्भण एवं संवरण राशि का वर्षवार विवरण निम्नवत है।

क्रमांक	वर्ष	प्रारभ्भण शेष	संवरण शेष
1	98–99	37,41,936=40	51,34,270=15
2	99–2000	51,34,270=15	1,10,68,676=15
3	2000–2001	1,10,68,676=15	87,79,980=15
4	2001–2002	87,79,980=15	103,15,871=15
5	2002–2003	1,03,15871=15	121,68,829=15

साथ ही अंकेक्षण अवधि के प्रारभ्भण एवं संवरण शेष रू0 37,41,93=40 तथा 1216829=15 का शीर्षवार एवं बैंकबार विवरण प्रतिवेदन के परिशिष्ट ''ड'' पर सलंग्न एवं द्रष्टव्य है।

(iii) कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी विवरणी के आधार पर विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों एवं पदाधिकारी के स्वीकृत /कार्यरत/रिक्त बल का विस्तृत विवरण निम्मव है–

क्रमांक	पदनाम	स्वीकृत बल	कार्यरत बल	रिक्त बल	अभियुक्ति
1	प्रखंड वि0 पदा0	01	01	—	
2	प्रखंड कृषि पदा0	01	01	—	
3	ग्रामपंचायत पर्यवेक्षक	01	—	01	
4	प्रधान लिपिक सह लेखा–पाल	01	—	01	
5	लिपिक सह टंकक	03	02	01	
6	आदेश पाल	03	03	—	
7	चौकीदार सह रात्रिप्रहरी	01	01	—	
8	मोटर चालक	01	01	—	
9	पंचायत सेवक	13	10	03	
10	कनीय अभियंता	01	—	01	
11	प्रखंड प्रसार पदा0	01	01	—	

उपरोक्त विवरणी के अवलोकन से स्पष्टतः होता है कि कार्यरत बल स्वीकृत बल के अन्तर्गत पाया गया । अतः प्रखंड में कार्य के समुचित संचालन हेतु रिक्तियों को भरा जाना आवश्यक है।

भाग–1

(2) रू0 3,33,700=00 के योजना से सम्बन्धित कार्य की विश्वसनीयता संदिग्घ राशि का संभावित दुर्विनियोग :–

शीर्ष सुनि0 रो0 यो0 के योजना सं0 2/97–98 खैरपुर से उस्मानपुर झाँव तक ईट सोलिंग का कार्य–अभिकर्त्ता श्री दिनेश यादव पिता श्री रामयादव खैरपुर,प्राक्कलित राशि रू0 349500=00 से सम्बन्धित योजना की जाँच में पाया गया कि रू0 3,33,700=00 का कार्य मापीपुस्त पर दर्ज था। जिसका अंतिम भुगतान अभिकर्त्ता को दिनांक 24.7.98 को रू0 200=00 के रूप में किया गया था। योजना में ईट सोंलिग तथा हयूम पाईप का प्रयोग होना था जिसके प्रमाण में मस्टर रॉल तथा अन्य आवश्यक अभिश्रव अभिलेख के साथ

संलग्न था। मास्टर रॉंल,मापीपुस्त एवं अन्य अभिश्रवों की जॉंच में निम्न बिन्दुओं पर विरोघाभास पाया गया :–

(i) प्रखंड विकास पदाधिकारी खरीक द्वारा कार्य प्रारम्भण हेतु कार्यादेश दिं0 07.6.97 को दिया गया था,जबकि अभिकर्त्ता द्वारा प्रस्तुत मास्टर रॉंल में कार्य का प्रारम्भण दिनांक 1.4.97 से कर मजदूरों को दैनिक मजदूरी का भुगतान किया दिखाया गया था।

इसप्रकार कार्यदेश निर्गत होने के पूर्व दर्शीत कार्य का सम्पादन एवं भुगतान संदिग्ध प्रतीत होता है।

(ii) योजना में ईट सोलिंग कार्य हेतु अभिकर्त्ता द्वारा अपने रॉंलर का प्रयोग दर्शाया गया था एवं दिनांक 19.06.97 एवं 10.12.97 को क्रमशः रू0 11,000 एवं 10,000=00 कुल रू0 21000=00 मूल्य के अभिश्रव प्रस्तुत किया गया था।

परन्तु सम्बधित अभिश्रव में उपयोग किये गए रॉंलर का न तो नम्बर दर्ज था और न ही संबंधित अभिश्रव प्रखंड वि0 पदा0 खरीक द्वारा पारित ही था।

(iii) सम्बन्धित योजना में दो व्यास एन पी–3 आकार का एक हयूम पाईप एवं एक व्यास एन पी–3 आकार का दूसरा हयूम पाईप भाड़ा सहित रू0 900=00 प्रतिपाईप की दर से कुल रू0 3800=00 का अभिश्रव संलग्न था।

जबकि योजना के प्राक्कलन में 2 व्यास एनपी0 3 के आकार का तीन हयूम पाईप का उपयोग प्रति हयूम पाईप 10700=00 की दर से भाड़ा सहित रू0 32100=00 का करना था। इस प्रकार अभिकर्त्ता द्वारा अलग–अलग आकार का दो ही हयूम पाईप एक ही दर से प्रस्तुत कर रूपया 3800=00 का मात्र खर्च दिखाया गया था। प्रस्तुत अभिश्रव भी प्र0 वि0 पदा0 खरीक द्वारा पारित नही था।

(iv) सम्बन्धित योजना में ईट एवं सीमेन्ट पर क्रमशः रू0 1,91,500=00 एवं 3920=00 कुल 1,95470=00 का भिन्न–भिन्न विक्रेताओं से विभिन्न तिथियों को वीजक(Invioce) द्वारा क्रय कर अभिश्रव के रूप में संलग्न किया गया था जबकि विहित प्रपत्र में दिया जाना चाहिए था। ज्ञात हो कि संलग्न कोई भी अभिश्रव तत्कालीन प्रखंड वि0 पदा0 खरीक द्वारा पारित नही था।

(v) सम्बन्धित योजना के अभिलेख के साथ संलग्न मस्टर रॉंल के पृष्ट सं0 25 से 99 तक भुगतान किए गए मजदूरो के मजदूरी का अनुमोदन निरीक्षिक पदाधिकारी (कनीय अभियंता) द्वारा कार्य प्रारम्भण की तिथि 28.12.97 से पूर्व की तिथि 15.12.97 मे ही किया गया था जो स्पष्टतः सम्पादित कार्य की संदिग्धता को दर्शाता है। साथ ही उक्त मस्टर रॉंल भी प्र0 वि0 पदा0 खरीक द्वारा पारित नही था।

(vi) उक्त योजना में संलग्न मस्टर रॉल के पृष्ट सं0 01 एवं 03 में श्री पुलकित दास ,01 एवं 02 में प्रमोद दास,10एवं 12 पर चरित्र दास,टुनटुन दास ,प्रभुदास भेदन दास,रामपति दास 14एवं 15 पर महंत दास तथा 13 एवं 23 पर दिनेश यादव को एक ही तिथि में दो अलग–अलग पृष्ट पर कार्य दिखाकर दैनिक मजदुरी का भुगतान किया गया पाया जो पुनः संबंधित अभिर्कत्ता द्वारा संपादित कार्यो की संदिग्धता को दर्शाता है।

इस प्रकार उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर ध्यान देने से स्पष्टतः प्रतीत होता है कि कार्य किए बिना ही कार्य का बनाबटी साक्ष्य जुटाकर सरकारी रू0 333700=00 का संभावित दुर्विनियोग किया गया ।

उपर्युक्त वर्णित विरोधाभाषी स्थितियों की ओर विभाग के उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करते हुए सुझाव है कि उपर्युक्त बिन्दुवार अंकित तथ्यों की जाँच पड़ताल अपने स्तर कराया जाना सुनिश्यित की जाय। अन्यथा की स्थिति में सम्बधित जिम्मेदार व्यक्तियों पर यथोचित कारवाई सुनिश्चित की जाय तथा प्रतिफल से वित्त(अंकेक्षण) विभाग को भी अवगत कराया जाय।

(3) <u>रू0 81,815=00 संपादित कार्य के मूल्य से अधिक भुगतान वसूली योग्य :–</u>

शीर्ष सुनि0 रो0 योजना के विभिन्न योजनाओं की जाँच में पाया गया कि भिन्न–भिन्न अभिकर्त्ताओं को दी गयी अग्रिम के विरूद्ध कम कार्य मापी पुस्त में दर्ज पाया गया। जबकि सम्पादित कार्य से अधिक राशि अग्रिम स्वरूप भुगतान किया पाया गया ।इस सम्बन्ध में विदित हो कि इन योजनाओं का कार्य अभिकर्त्ताओं द्वारा स्थगित कर दिया गया था। साथ ही जिला पदाधिकारी भागलपुर के आदेश के आलोक में प्र0 वि0 पदा0 खरीक द्वारा अधिक भुगतेय राशि रू0 81815=00 वसूली हेतु प्राथमिकी दर्ज करने का जीक्र भी अभिलेखों में पाया गया। इस प्रकार अग्रिम स्वरूप अधिक भुगतेय राशि रू0 81,815=00 वसूली योग्य है। विस्तृत विवरण प्रतिवंदन के परिशिष्ट 'च' पर दर्ज है।

इस सम्बन्ध में निर्गत आपत्ति के अनुपालन में कहा गया कि विस्तृत जाँच के पश्चात अभिकर्त्ता से अधिक राशि की वसूली की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जायगी।

अतः उक्त राशि रू0 81815=00 सम्बन्धित उत्तरदायी व्यक्ति से वसूल कर अपेक्षित शीर्ष में जमा कराया जाय तथा इसकी सूचना वित्त(अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी दी जाय।

(4) ईट में अधिक व्यय रू0 65,671=00 वसूली योग्य :–

सु0 रोज0 योजना के अन्तर्गत योजना संख्याँ 2/99–00 (आर0 ई0 ओ0 पथ अठगामा रोधोपुर शंकरपुर से मछवरिया मोड़ अठनियाँ सीमा तक ईट सोलिंग) अभिवक्ता श्री नन्द किशोर साह, कनीय अभियंता से संबंधित योजना अभिलेख की जाँच में पाया गया कि प्राक्कलन के अनुसार कुल ईट 1,14,502 के बदले में अभिकर्त्ता द्वारा 150000 ईट का अभिश्रव प्रस्तुत कर भुगतान प्राप्त किया गया था। ईट के क्रय से सम्बन्धित अभिश्रव का विवरण प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'छ' संलग्न है।

इस प्रकार इस योजना में कुल 35498 ईट (150000–114502) का मूल्य कुल रू0 65671=00 (1850 प्रतिहजार की दर से) का भुगतान गलत रूप से किया गया जो वसूली योग्य है। इस सम्बन्ध में निर्गत आपत्ति का अनुपालन दिया गया जो संतोष प्रद प्रतित नही होता है।

अतः अंकेक्षण का सुझाव है कि सम्पूर्ण राशि रू0 65,671=00 सम्बन्धित उत्तरदायी व्यक्ति से वसूल कर सम्बन्धित शेष में जमा किया जाय एवं इसकी सूचना वित्त(अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी दी जाय।

(5) योजना मद में अग्रिम स्वरूप रू0 52,500=00 का भुगतान वसूली योग्य :–

शीर्ष सु0 नि0 रोज0 योजना के अन्तर्गत योजना सं0 2/96–97 (ग्राम बिलपुटिया विमल पोद्दार के घर से अर्जुन मंडल के घर तक ईट सोलिंग का कार्य) अभिकर्त्ता श्री प्रभाष चन्द यादव पिता स्व0 वणारसी यादव,प्राक्कलित राशि रू0 61,400=00 से संबंधित अभिलेख की जाँच में पाया गया कि अभिकर्त्ता को उक्त योजना के कार्य सम्पादन हेतु कुल रू0 52500=00 का भुगतान भिन्न–भिन्न तिथियों को किया गया था का विवरण निम्नवत् प्रकार है।

दिनांक 6.11.96	–	रू0 7500=00
दिनांक 3.12.96	–	रू0 30,000=00
दिनांक 14.2.97	–	रू0 15000=00

कुल – 52,500=00

अभिलेखो के विस्तृत जाँच क्रम से ज्ञात हुआ कि अभिकर्त्ता द्वारा लिए गए कुल अग्रिम रू0 52500=00 के बदले में कोई भी कार्य करने का स्पष्ट उल्लेख अभिलेख में न तो दर्ज था और नही अभिश्रव मस्टर रॉल तथा मापी पुस्त समर्पित किये जाने वा उल्लेख था।

इस सम्बन्घ ज्ञातव्य हो कि जिला पदाधिकारी भागलपुर के ज्ञापांक 1806 सी दिनांक 4.6.00 के निदेश के आलोक में योजना स्थगित करने का स्पष्ट उल्लेख कार्यालय द्वारा दर्ज पाया गया।

इसप्रकार स्पष्ट है कि अभिकर्त्ता द्वारा लिए गए अग्रिम के विरूद्ध कोई भी कार्य नही किया गया था। फलत दी गई अग्रिम राशि वसूल योग्य है।

अतः अंकेक्षण का सुझाव है कि सम्बन्धित उत्तरदायी व्यक्ति ले दी गयी उपयुक्त अग्रिम की राशि रू0 52500=00 को वसूली सुनिशिचत की जाय एवं प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी अवगत करायी जाय।

(6) <u>गलत मस्टर रॉंल दिखाकर रू0 10004=00 का अधिक भुगतान वसूली योग्य :–</u>

शीर्ष सु0 रोज0 योजना के अन्तर्गत योजना सं0 9/97–98 (चोरहर धाट से चोरहर गाँव नटबाबा स्थान तक बाँध का कार्य) अभिकर्त्ता श्री सुरेश मडंल पिता स्व0 दिनेश्वर मंडल,ग्राम चोरहर से संबंघित योजना का अभिलेख में संलग्न मस्टर रॉंल की जाँच में पाया गया कि दिनांक 1.6.97 से 14.6.97 तक उक्त योजना का कार्य किया दर्शाया पाया गया। जब कि इस योजना हेतु प्र0 वि0 पदा0 का आदेश एवं अभिकर्त्ता का एकरारनामा दिनांक 13.6.97 को किया पाया गया। अंकेक्षण में यह स्पष्ट नही हो सका कि किस कारण से उक्त योजना का कार्य प्र0 वि0 पदा0 के आदेश एवं अभिकर्त्ता के एकरारनाम के पूर्व सम्पादित किया गया। साथ ही ध्यातव्य है कि प्र0 वि0 पदा0 द्वारा मापी पुस्त दिनांक 22.6.97 को निर्गत किया गया था और मापी पुस्त में कनीय अभियंता द्वारा योजना प्रारभ्भण तिथि 26.6.97 दर्शाया गया था। मस्टर रॉंल में मजदूरों को भुगतान किए गए राशियों की विस्तृत विवरण प्रतिवेदन में परिशिष्ट 'ज' संलग्न है।

उपयुक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि गलत मस्टर रॉंल दर्शाकर संलग्न विवरणी में

अंकित कुल राशि रू0 10004=00 का भुगतान किया गया जो वसूली योग्य है।

अतः उक्त राशि रू0 10,004=00 सम्बन्धित उत्तरदायी व्यक्ति से वसूल कर सम्बन्धित आपेक्षित शीर्ष में जमा कराया जाय तथा इसकी सूचना वित्त(अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी दी जाय।

(7) <u>रू0 7,855=20 का दोहरा भुगतान वसूली योग्य :–</u>

शीर्ष सु0 रो0 योजना के अर्न्तगत योजना सं0 2100.01 (शंकरपुर से अठगामा बांध मरम्मति) अभिकर्त्ता नन्दकिशोर साह कनीय अभियंता से संबंधित योजना अभिलेख में अभिकर्त्ता द्वारा संलग्न मस्टर रॉल दिनांक 23.3.01 एवं 24.3.01 की जाँच में पाया गया कि एक ही मजदूर को एक ही कार्य हेतु एक ही तिथि को मस्टर रॉल के अलग–अलग पृष्टों पर कुल रू0 7855=20 का दोहरा भुगतान किया पाया गया जो वसूली योग्य है। विस्तृत विवरणी प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'झ' पर संलग्न है।

अंकेक्षण का सुझाव है कि रू0 7855=20 का दोहरा भुगतान सम्बन्धित उत्तरदायी व्यक्ति से वसूल कर अपेक्षित शीर्ष अन्तर्गत जमा कराया जाय तथा फलाफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी दी जाय।

(8) रू0 6388=00 का मापी पुस्त के आधार पर बालू अभिश्रव अनुपलब्ध आपत्ति अन्तर्गत :–

सु0 नि0 रोज0 योजना के अन्तर्गत योजना सं0 11/97–98 (ईट सोलिंग रोड नन्कार आर0 ई0 ओ0 रोड वर वृक्ष से नटबाका स्थान तक) के अभिकर्त्ता श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह पिता स्व0 जगदीश प्र0 सिंह ग्राम नन्कार खरीक के प्रा0 राशि रू0 4,31,200=00 की योजना अभिलेख की जाँच में पाया गया कि मापी पुस्त में बालूपर कुल खर्च रू0 6388=00 दिखाया गया था। परन्तु सम्बन्धित योजना अभिलेख में अभिकर्त्ता द्वारा कुल अभिश्रव रू0 4,30,036=00 (मस्टर रॉल 157036+ईट –273000) संलग्न किया गया पाया तथा इसके एवज में अभिकर्त्ता को रू0 429400=00 का भुगतान किया गया था। जिसकी जाँच तकनिकी विभाग से कराई जाय।

इस प्रकार प्रावकलन तथा मापी पुस्त के आधार पर बालू का अभिश्रव अनुपलब्ध था। अंकेक्षण का सुझाव है कि अभिश्रव प्राप्त कर जाँच कर ली जाय तथा सूचना वित्त (अंकेक्षण) बिहार पटना को भी दी जाय।

(9) कुल रू0 4,500 का भुगतान आपत्ति अन्तर्गत :–

विधायक योजना सं0 2/99.2000 (गोपालपुर दादपुर टोला में अम्बेदकर चौपाल का निर्माण), अभिकर्त्ता श्री गुलशन कुमार पिता महेन्द्र प्रसाद यादव ,दादपुर के अभिलेख की जाँच में पाया गया कि योजना में चापाकल लगाने के नाम पर कुल रू0 4500=00 का व्यय दिखाया गया था। परन्तु अभिलेख में चापाकल क्रयआदी से सम्बन्धित कोई भी अभिश्रव संलग्न नही था। ज्ञातव्य हो कि मापी पुस्त में भी चापाकल लगाने के नाम पर आइटम न0 24(एफ) पर रू0 4500=00 का व्यय दर्शाया गया।

इसप्रकार कुल रू0 4500=00 का भुगतान अभिकर्त्ता को बिना कार्य के किए ही कर दिया गया। जो अनियमित एवं वसूली योग्य है।

अंकेक्षण को सुझाव है कि अपने स्तर से चापाकल से सम्बन्धित अभिश्रव कि जाँच कर प्रतिफल से वित्त(अंकेक्षण) विभाग को सूचित किया जाय तब तक व्यय को आपत्ति अन्तर्गत रखा जाता है।

(10) रू0 3500=00 प्राक्कलन से अधिक ईट पर भुगतान वसूली योग्य :–

सु0 रो0 योजना के अन्तर्गत योजना सं0 11/97–98 (ईट सोंलिग रोड नन्कार आर0 ई0 ओ0 रोड़ वट वृक्ष से नटबाबा स्थान तक) के अभिकर्त्ता श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह पिता स्व0 जगदीश प्र0 सिंह ग्राम नन्कार खरीक के योजना अभिलेख की जाँच में पाया गया कि प्राकलन में ईट की निर्धारित मात्रा 192,500 से अधिक ईट 2500 (1,95000–192,500) का अभिश्रव अभिकर्त्ता द्वारा सम्मलित किया गया था। ईट के अभिश्रव का विस्तृत विवरण प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'ञ' पर वर्ग है।

इस प्रकार कुल 2500 अधिक ईट की कीमत 1400 प्रतिहजार की दर से कुल रू0 3500=00 का अधिक भुगतान वसूली योग्य है।

अंकेक्षण का सुझाव है कि अधिक ईट की कीमत रू0 3500=00 को सम्बन्धित उत्तरदायी व्यक्ति से वसूल कर संबंधित शीर्ष में जमा करायी जाय तथा इसकी सूचना वित्त(अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी दी जाय।

(11) स्वतंत्रता सेनानी पेंसन की राशि रू0 4730=00 का अनियमित भुगतान वसूली योग्य :–

अंकेक्षण क्रम में पाया गया कि तेलधी पंचायत से प्राप्त मृत्यु प्रतिवेदन विधिक सूचना सं0 277641 में श्री विरेन्द्र नाथ सिंह ग्राम तेलधी स्वतंत्रता सेनानी पी0 पी0 ओ0 संख्याँ –15399 दिनांक –31.12.99 को ही मृत घोषित पाया गया फलस्वरूप इन्हें जनवरी 2000 से पेंशन देय नही था । परन्तु स्वतंत्रता सेनानी पेंशन भुगतान पंजी की जाँच में पाया गया कि श्री सिंह को दिनांक 1.1.2000 से 30.11.2000 तक कुल ग्यारह माह का प्रतिमाह रू0 430 (400 पेंशन +30 चिकित्सा) की दर से कुल रू0 4730=00 (430X11) का अनियमित भुगतान दिनांक 11.12.2000 हो पाया गया जो वसूली योग्य है। ज्ञातव्य हो कि इस तिथि को कुल बारह महिना (1.12.99 से 30.11.2000) का पेंशन कुल रू0 5160=00 किया गया था। इस सम्बन्ध में निर्गत आपत्ति का अनुपालन संतोष प्रद नही पाया गया।

अतः अंकेक्षण का सुझाव है कि सम्पूर्ण राशि रू0 4730=00 सम्बन्धित उत्तरदायी व्यक्ति से वसूल कर कोषागार में जमा कराया जाय तथा इसकी सूचना वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी दी जाय।

(12) रू0 3814=00 का अस्थाई सामग्रियों क्रय आपत्ति अन्तर्गत :–

बिहार वित्त नियमावली के भाग–1 के नियम 132 एवं खण्ड–2 के परिशिष्ट –3(3) के अनुसार क्रय किए गए सामग्रियों का भंडार प्रविष्टी किया जाना अनिवार्य है।

परन्तु विभिन्न शीर्षो के अन्तर्गत अभिश्रवों की जाँच में पाया गया कि कुल रू0 3814=00 का स्थाई सामग्रियों का क्रय किया गया,परन्तु सम्बन्धित अभिश्रवों पर न तो भंडार प्रविष्टी का प्रमाण पत्र था और नही स्थाई सामग्री भंडार पंजी में कृत सामग्रियों की प्रविष्टी तथा न तो उपयोगिता ही देखा गया इस सम्बन्ध में निर्गत आपत्ति का अनुपालन भी संतोष प्रद नही पाया गया। उपरोक्त क्रय किए गए स्थाई समानों की विस्तृत विवरण प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'ट' पर दर्ज है।

अतः अंकेक्षण का सुझाव है कि क्रय किए गए सामानो की जाँच सक्षम पदाधिकारी से कराकर वित्त(अंकेक्षण) विभाग को सूचित किया जाय। जाँच तक व्यय को आपत्ति अन्तर्गत रखा जाता है।

(13) विभिन्न योजनाओं में वितरित चावल के 714 खाली बोरे के बिक्री से आय नही दिखाये जाना आपत्ति जनक :–

शीर्ष 70 एवं 30/सु0 नि0 रोजगार योजना की जाँच में पाया गया कि कुल 357 क्विंटल चावल का वितरण विभिन्न योजनाओं में मजदूरों को मजदूरी हेतु किया गया था। विस्तृत विवरण प्रतिवेदन की परिशिष्ट 'ठ' में दर्ज है।

चवल के वितरण के पश्चात् खाली बोरे को सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा कार्यालय में जया कर दिया जाना चाहिए था। परन्तु खाली बोरे की स्थिति से अंकेक्षण अवगत नही हो सका कि चावल के वितरण के पश्चात् खाली बोरे की भौतिक स्थिति स्पष्ट नही हो सकी ज्ञात हो कि चावल के प्राप्त आंवटन में डी0 डी0 सी0 के पत्रांक 81 दिनांक 30.1.02 एवं 1616 दिनांक 30.12.02 में खाली बोरे को स्पष्ट रूप से कार्यालय में जमा करने का निदेश दिया गया पाया।

सम्बन्ध में निर्गत आपत्ति का अनुपालन संतोषप्रद नही पाया गया। अतः अंकेक्षण का सुझाव है कि खाली बोरे को बिक्री /निलामी कर रोकड़ पुस्त में आय दिखाया जाय अन्यथा की स्थिति में परिशिष्ट में दर्शीत खाली बोरे का मूल्य रू0 7,140=00 वसूली योग्य होगा।

(14) बाढ़ में वितरित गेहूँ के खाली बोरे की बिक्री से आय नही दिखाया जाना आपत्ति जनक :–

शीर्ष 2245 बाढ़ सहायय् से सम्बन्धित अभिश्रवों की जाँच में पाया गया कि बाढ़ से प्रभावित गाँव (पंचायत) में कुल 270 किवंटल गेहूँ का वितरण किया गया था। विस्तृत विवरण प्रतिवेदन की परिशिष्ट 'ड' में दर्ज है।

गेहूँ के वितरण के पश्चात खाली बोरे को सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा कार्यालय में जमा कर दिया जाना था। परन्तु गेहूँ के वितरण के पश्चात खाली बोरे की स्थिती से अंकेक्षण अवगत नही हो सका कि वितरण हो पश्चात गेहूँ का खाली बोरे का क्या हुआ। इस सम्बन्ध में मौखिक पूछतात करने पर जबाव संतोष प्रद नही पाया गया।

अतः अंकेक्षण का सुझाव है कि 540 खाली बोरे की विक्री /निलामी कर आय रोकड़ पुस्त में दिखाया जाय अन्यथा की स्थिती के परिशिष्ट में अंकित मूल्य वसूली योग्य होगा।

(15) पैट्रोल/डीजल आदि पर अनियमित व्यय रू0 799=90 वसूली योग्य :–

अंकेक्षण क्रम में पाया गया कि शीर्ष 2515 अन्य में विभिन्न अभिश्रवों के माध्यम से कुल रू0 799=90 का पैट्रोल /डीजल आदि पर व्यय किया पाया गया। जिसकी विवरणी प्रतिवेदन की परिशिष्ट 'ढ' पर दर्ज है।

परन्तु जाँच में पाया गया कि अभिश्रवों पर न तो प्रविष्टी प्रमाण पत्र था और सम्बधित गाड़ी के लॉग बुक में इसकी प्रविष्टी ही देखी गई। ज्ञातव्य हो कि उक्त अवधि में गाड़ी के चलने का कोई भी प्रमाण उपलब्ध लॉग बुक में भी दर्ज नही था। इससे स्पष्ट होता है कि पैट्रोल डीजल आदि का मात्र क्रय किया गया इसका उपयोग सरकारी खर्च में नही किया गया। ऐसी परिस्थिति में स्पष्ट होता है कि पैट्रोल /डीजल आदि के क्रय पर भुगतान की गई राशि रू0 799=90 अनियमित होने के कारण वसूली योग्य है।

अतः पैट्रोल/डीजल आदि के क्रय पर भुगतान की गई राशि रू0 799=90 सम्बधित उत्तरदायी व्यक्ति से वसूली के उपरान्त कोषागार के अपेक्षित शीर्ष में जमा कर इसकी सूचना वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी दी जाय।

(16) रू0 480=00 प्रोत्साहन भत्ता का अनियमित भुगतान वसूली योग्य :–

प्रोत्साहन भत्ता के भुगतान से सम्बन्धित अभिश्रवों की जाँच में पाया गया कि दिनांक 31.3.01 को कुल रू0 480=00 का भुगतान प्रा0 वि0 अठगामा के भिन्न–भिन्न वर्गो के छात्र

एवं छात्राओं को किया गया था। जिसकी विस्तृत विवरण प्रतिवंदन के परिशिष्ट 'ण' पर दर्ज है।

विवरणियों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि एक ही छात्र एवं छात्रा को एक ही वर्ष के लिए दो अलग–अलग वर्गो को छात्रा/छात्र दिखाकर भुगतान किया गया। इस सम्बन्ध में उल्लेखित लालकार्ड की संख्याँ भी देखी जा सकती है। इसप्रकार स्पष्ट है कि एक ही छात्र/छात्रा को एक ही वर्ष में दो अलग–अलग वर्गो में पढ़ने का प्रश्न ही नही उठता है। अतः इस प्रकार का भुगतान दोहरा भुगतान होता है जो अनियमित होने के कारण सम्बन्धित उत्तरदायी व्यक्ति से वसूली योग्य है। निर्गत आपत्ति का अनुपालन संतोषप्रद नही पाया गया।

अतः अंकेक्षण का सुझाव है कि उक्त प्रोत्तसाहन भत्ता मद की भुगतेय सम्पूर्ण राशि रू0 480=00 सम्बन्धित उत्तरदायी व्यक्ति से वसूल कर कोषगार के अपेक्षित शीर्ष में जमा कराया जाय तथा इसकी सूचना वित्त(अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी दी जाय।

(17) <u>सामाजिक सुरक्षा पेंशन मद में रू0 50=00 का अनियमित भुगतान वसूली योग्य :–</u>

शीर्ष 2235 सा0 सु0 पेंशन के अन्तर्गत वितरण किए गए राशियों की जाँच सम्बन्धित पेंशन भुगतान पंजी एवं पेंशन लेजर से करने पर पाया गया कि श्री बजंरगी चौधरी ग्राम पंचायत गोठखरीक के लेखा संख्याँ 2360 को दिनांक 1.11.97 से 31.3.98 तक के पेंशन भुगतान के समय ही मृत धोषित किया गया अंकित था। ऐसी स्थिति में नियमानुसार अप्रिल 98 से पेंशन देय नही होता है। परन्तु उक्त पेशनधाारी को अभिश्रव संख्याँ 107/98–99 के माध्यम से दो माह अप्रैल 98 एवं मई 98 का पेंशन रू0 25.00 की दर से कुल रू0 50=00 का भुगतान दिनांक 23.6.98 को किया पाया गया जो अनियमित एवं वसूली योग्य है। इस सम्बन्ध में निर्गत आपत्ति का अनुपालन भी संतोषप्रद नही पाया गया।

अतः अंकेक्षण का सुझाव है कि अनियमित रूप से भुगतान किया गया समाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि रू0 50=00 को सम्बन्धित उत्तरदायि व्यक्ति से वसूल कर कोषागार के अपेक्षित शीर्ष में जमा किया जाय और इसकी सूचना वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी दी जाय।

(18) <u>1,28,600 ईट का क्रय कर रू0 2,31,196=00 का व्यय आपत्ति अन्तर्गत :–</u>

सु0 रो0 योजना के अन्तर्गत योजना सं0 1/99–00 (दुर्गास्थान ध्रुवगंज 14 नम्बर सड़क से बुढ़िया स्थान गणेशपुर की ओर जाने वाली सड़क में ईट सोलिंग कार्य) अभिकर्त्ता श्री श्याम किशोर ठाकुर ,कनीय अभियंता प्रा0 राशि रू0 661,500=00 के योजना

की जाँच में पाया गया कि माँ दुर्गा ईट उधोग तेतरी भागलपुर से अभिश्रव सं0 117 तथा बिल नं0 256 द्वारा दिनांक 7.12.00 से 18.2.01 तक के लिए 1856 रू0 प्रति हजार की दर से दिनांक 18.2.01 को कुल ईट– 1,28,600/– जिसका मूल्य 2,31,196=00 होता है जो आपूर्त्ति से सम्बन्धित अभिश्रव अभिकर्त्ता द्वारा संलग्न किया गया था।

उक्त अभिश्रव में गाड़ी सं0 ,ड्राइवर का नाम तथा खरीददार के नाम का कोई उल्लेख नही था। खरीददार के स्थान पर कनीय अभियंता एन0 आर0 ई0 पी0 उल्लेख पाया गया। ऐसी परिस्थिति में ईट का क्रय संदिग्ध प्रतीत होता है।

अतः इस ओर सक्षम पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि अपने स्तर से क्रय किए गए कुल ईट 1,28,600 की जाँच कर क्रय की औचित्य से वित्त(अंकेक्षण) विभाग बिहार,पटना को अवगत कराया जाय। सम्प्रति सम्पूर्ण राशि रू0 2,31,196=00 को आपत्ति के अन्तर्गत रखा जाता है।

(19) <u>योजना में भुगतान की गई अग्रीम की राशि रू0 2,02,500=00 असमायोजित :–</u>

विभिन्न शिर्षो के अन्तर्गत भिन्न–भिन्न योजनाओं की जाँच में पाया गया कि अभिकर्त्ताओं को विभिन्न तिथियों में कुल रू0 2,02,500=00 का अग्रिम भुगतान किया गया था। उक्त अभिलेखो में मापीपुस्त,मस्टर राँल तथा अभिश्रवों आदि के नही रहने के कारण भुगतान की गई राशियों की जाँच नही की जा सकी। सभ्भवतः ऐसा प्रतीत होता है कि अभिकर्त्ता को मात्र अग्रिम ही दिया गया क्योकि उनके द्वारा कोई भी कार्य अंकेक्षण अवधि तक नहीं किया गया पाया। विस्तृत विवरण प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'त' में दर्ज है।

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि कुल रू0 2,02,500=00 के व्यय की जाँच नही की जा सकी। इस सम्बन्ध में निर्गत आपत्ति का अनुपालन संतोषप्रद नही दिया गया।

अतः इस ओर सक्षम पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि इस संदर्भ में अपने स्तर से जाँच एवं आवश्यक कारवाई के प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग,बिहार पटना को भी अवगत कराया जाय। संतोषप्रद अनुपालन के अभाव में सम्पूर्ण राशि रू0 2,02,500=00 वसूली योग्य भी हो सकती है।

(20) <u>रू0 15260=00 का व्यय आपत्ति अन्तर्गत</u> :–

विधायक योजना सं0 1/99–00 (खरीक मध्य विद्यालय का छत निर्माण एवं मरम्मती कार्य),अभिकर्त्ता श्री विपिन कुमार चौरसिया पिता एम0 चौरसिया ग्राम गोट खरीक के जाँच में पाया गया कि अभिकर्त्ता द्वारा कुल सम्पादित कार्य रू0 1,55,650 के लिए रू0 1,40,390 का अभिश्रव तथा रू0 15260=00 का मस्टर राँल संलग्न किया गया पाया । परन्तु सम्बन्धित

अभिश्रवों तथा मस्टर रॉल की जाँच में पाया गया कि अभिकर्त्ता द्वारा संलग्न मास्टर रॉल रू0 15,260=00 को तत्कालिन प्र0 वि0 पदा0 द्वारा पारित नही किया गया था। ऐसी परिस्थिति में बिना पारित किए गए अभिश्रव का भुगतान संदिग्ध प्रतीत होता है।

विवरण निम्न प्रकार है :–

नाम एवं पता	पेज नं0	कार्य अवधि	कुल राशि
सुरेश दास पिता छोटु दास, ग्राम खरीक एवं अन्य 5।	01 से 03 तक	16.4.99 से 18.5.99 तक	15,260=00

इस प्रकार किस परिस्थिति में मस्टर रॉल को बिना पारित किए ही रू0 15260=00 का भुगतान कर दिया गया। इससे अंकेक्षण अवगत नही हो सका। इस ओर सक्षम पदाधिकारी का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है कि अपने स्तर से इसकी जाँच एवं आवश्यक कारवाई कर प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी अवगत कराया जाय। तबतक रू0 15,260=00 के व्यय को आपत्ति के अन्तर्गत रखा जाता है।

(21) रू0 61,26,500=00 का इन्दिरा आवास मद में भुगतान आपत्ति अन्तर्गत :–

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशानुसार बी0 पी0 एल0 पंजी में अंकित व्यक्तियों में से ही ग्रामपंचायत के आम सभा द्वारा स्वीकृत सूची के आलोक में इन्दिरा आवास का आंबटन एवं भुगतान किया जाना है।

विभिन्न शीर्षो के अन्तर्गत इन्दिरा आवास योजना की जाँच योजना अभिलेखों योजना पंजी एवं उपलब्ध संचिका आदि के आधार पर करने में पाया गया कि सरकारी निदेशों का अवहेलना करते हुए आम सभा द्वारा स्वीकृत सूची के बिना ही कार्यालय द्वारा विभिन्न व्यक्तियों को इन्दिरा आवास आबंटित कर कुल रू0 61,26,500=00 का भुगतान किया गया पाया। जो सरकारी कोष के दुरूपयोग्य का द्योतक है। इसका विस्तृत विवरण प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'थ' पर दर्ज है। ज्ञातव्य हो कि अधिकांश लाभार्थियों के नाम के सामने बी0 पी0 एल0 संख्याँ भी अंकित नही पाया गया तथा याचना के बाद भी अंकेक्षण को बी0 पी0 एल0 पंजी उपलब्ध नही कराया गया।

अतः इस ओर सक्षम पदाधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट करते हुए अंकेक्षण का सुझाव है कि इस संदर्भ में अपने स्तर से आवश्यक जाँच एवं कारवाई करते हुए सही वस्तु स्थिति से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी अवगत कराया जाय। सम्प्रति दुरूपयोग की सम्पूर्ण राशि 61,26,500=00 को आपत्ति के अन्तर्गत रखा जाता है।

(22) 1884 क्विंटल चावल का मूल्य रू0 12,11,412=00 आपत्ति अन्तर्गत :–

अंकेक्षण के क्रम में चावल के आबंटन से सम्बन्धित संचिका के अध्ययन से पता चला कि उपविकास आयुक्त भागलपुर के पत्रांक 81 दिनांक 30.1.02 एवं 1616 दिनांक 30.12.02 के द्वारा इस कार्यालय को वर्ष 01–02 एवं 02–03 कुल 2241(1160+1081) क्विंटल चावल आबंटित किया गया था। जिसमें से शीर्ष 30 प्रतिशत एवं 70 प्रतिशत सु0 रो0 योजना के विभिन्न योजनाओं में कुल 357 क्विंटल चावल मजदूरी के रूप में मजदूरों को वितरित पाया गया। शेष 1884 क्विंटल (2241–357) चावल के वितरण का कोई विवरण भंडार पंजी के अभाव में स्पष्ट नही हो सका कि अवशेष चावल कुल 1884 क्विंटल का वितरण योजनाओं में मजदूरों को किया गया अथवा भंडार में ही अवितरित रूप से लम्बित पड़ा है। इस सम्बन्ध में निर्गत आपत्ति का अनुपालन भी संतोष प्रद नही पाया गया।

अतः इस ओर सक्षम उच्चाधिकारियों /पदाधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट करते हुए अंकेक्षण का सुझाव हैं कि इस संदर्भ में अपने स्तर से आवश्यक छानबीन कर सही वस्तुस्थिति से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार,पटना को भी अवगत कराया जाय। समप्रति अवशेष चावल कुल 1884 क्विंटल का मूल्य रू0 4.43 प्रतिकिलो की दर से रू0 12,11,412 =00 को आपत्ति के अन्तर्गत रखा जाता है।

(23) वृद्धावस्था पेंशन की कुल राशि रू0 1,50,050=00 का संदिग्ध भुगतान आपत्ति अन्तर्गत :–

शीर्ष 2235 सा0 सु0 पें0 के अन्तर्गत वृद्धावस्था पेंशन वितरण की जाँच के क्रम में पाया गया कि इस प्रखंड की स्थापना दिनांक 4.12.95 को किया गया था और वृद्धावस्था पेंशन भुगतान हेतु नया पंजी (लेजर) का सधारण कर विभिन्न पेंशन घारियों को भिन्न–भिन्न तिथियों को दिनांक 1.4.94 से 31.5.95 तक के अवधि के लिए पेंशन का भुगतान किया गया था। विस्तृत विवरण प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'द' पर दर्ज है।

परिशिष्ट को देखने से स्पष्ट होता है कि कार्यालय की स्थापना तिथि 4.12.95 से पूर्व की अवधि दिनांक 1.4.95 से 31.3.95 तक के लिए कुल रू0 1,50,050=00 का भुगतान किया गया पाया जो संदिग्ध प्रतीत होता है।

ज्ञातव्य हो कि अंकेक्षण के समक्ष इस अवधि के भुगतान नही होने का कोई भी प्रमाण पूर्व प्रखंड कार्यालय नवगछिया से नही लिया गया पाया। इस संदर्भ में निर्गत आपत्ति का अनुपालन संतोष प्रद नही था। अतः इस ओर विभागीय उच्चाधिकारियो पदाधिकारियों का ध्यान विशेषरूप से आकृष्ट किया जाता है कि भुगतान की सत्यता की जाँच अपने स्तर से कर इसकी सूचना वित्त(अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी दी जाय। प्रतिकुल परिस्थिति में राशि वसूली योग्य भी हो सकती है। सम्प्रति रू0 1,50,050=00 के व्यय को आपत्ति के अन्तर्गत रखा जाता है।

(24) रू0 1,34,160=00 के व्यय का उपयोगिता प्रमाण पत्र अप्रस्तुत व्यय आपत्ति अन्तर्गत :–

शीर्ष 2225 कल्याण के अन्तर्गत छात्रवृति भुगतान से सम्बन्धित व्ययों की जाँच क्रम में पाया गया कि विभिन्न पंचायतों को (14) कुल रू0 134160=00 का भुगतान भिन्न–भिन्न तिथियों का चेक के द्वारा किया गया था। विस्तृत विवरण प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'ध' में दर्ज हैं।

किन्तु सम्बन्धित पंचायतो द्वारा व्यय से सम्बन्धित अभिश्रव तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रखंड कार्यालय को समर्पित नही किया गया था। इस सम्बन्ध में निर्गत आपत्ति के अनुपालन में उपयोगिता प्रमाण पत्र मँगवाने का जीक्र किया गया जो संतोष प्रद नही है।

अतएव यह स्पष्ट नही हो सका कि वास्तव में उनका वितरण किया गया था जिसमें किसी प्रकार की अनियमितता नही हुई थी। पंचायतों द्वारा उपयोगिता प्रमाणपत्र नही सौंपे जाने के कारण किसी गम्भीर वित्तीय अनियमितता की सम्भावना से ईनकार नही किया जा सकता।

अतः अंकेक्षण का सुझाव है कि व्यय से सम्बन्धित अभिश्रव और उपयोगिता प्रमाण–पत्र सम्बन्धित पंचायतो से प्राप्त कर उसकी जाँच से संतुष्ट हो लिया जाय कि व्यय उचित था। बिना व्यय के पड़ी राशि को वापस लाकर कोषागार में जमा किया जाय तथा प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार,पटना को भी अवगत कराया जाय। सम्प्रति सम्पूर्ण राशि रू0 1,34,160=00 के व्यय को आपत्ति के अन्तर्गत रखा जाता है।

(25) स्वंतत्रता सेनानी पेंशन की राशि रू0 27,480=00 का भुगतान आपत्ति अन्तर्गत :–

स्वंतत्रता सेनानी पेंशन भुगतान पंजी की जाँच में पाया गया कि कई पेंशन धारियों के सामने मृत अंकित था और भुगतान भी किया गया था। अतः ये स्पष्ट नही हो सका कि वस्तुतः पेंशनधारी की मृत्यु कब हुई थी। इन पेंशन धारियो के प्रतिवेदन विधिक सूचना हेतु आपत्ति निर्गत करने के उपरांत भी वांछित प्रतिवेदन अंकेक्षण में उपलब्ध नही कराया गया। फलस्वरूप विभिन्न पेंशन धारियों को कुल रू0 27,480=00 के भुगतान की सत्यता की जाँच नही किया जा सका। विस्तृत विवरणी प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'न' में दर्ज है।

अतः सक्षम पदाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए कहना है कि विभिन्न पंचायतो से मृत्यु प्रतिवेदन विधिक सूचना उपलब्ध कराकर भुगतान की राशि की सत्यता की जाँच अपने स्तर से कर सही वस्तु स्थिती से वित्त(अंकेक्षण) विभाग को भी अवगत कराया जाय। सम्प्रति समपूर्ण व्यय कि राशि रू0 27480=00 को आपत्ति के अन्तर्गत रखा जाता है।

(26) डिजल/मोबिल आदि के क्रय पर व्यय की राशि 28,889=60 आपत्ति अन्तर्गत :–

अभिश्रवों की जाँच में पाया गया कि इस कार्यालय के जीप चलाने हेतु कार्यालय द्वारा डिजल/मोबिल आदि का क्रय किया गया था। जिसकी विवरणी प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'प' में दर्ज है।

परन्तु उपयोग की गई डीजल/मोबिल के खपत के विरूद्ध सम्बन्धित गाड़ियों का लॉग बुक अंकेक्षण को नही दिखाया गया। जिसके कारण क्रीत डीजल/मोबिल आदि के उपयोग की सत्यता एवं परियोजन स्पष्ट नही हो सका। इस कारण क्रीत डीजल/मोबिल आदि का मूल्य रू0 28889=60 के व्यय को आपत्ति के अन्तर्गत रखा जाता है।

अतः सम्बन्धित पदाधिकारी एवं उच्चाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है कि जीप संधारण पर की गई व्यय की जाँच अपने स्तर से कर इसकी सूचना वित्त(अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी दी जाय।

(27) गाड़ी सामग्री (पार्टस) आदि के क्रय पर व्यय की राशि 14,425=00 आपत्ति के अन्तर्गत :–

गाड़ी के मरम्मति से सम्बन्धित अभिश्रवों की जाँच में पाया गया कि इस कार्यालय के गाड़ियों के मरम्मति हेतु समय–समय गाड़ी सामग्रियों (पार्टस) आदि का क्रय किया गया था। जिसकी विस्तृत विवरणी प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'फ' दी गई है।

परन्तु गाड़ी में लगाई गई सामानों (पार्टस आदि) के विरूद्ध सम्बन्धित गाड़ी का इतिहास पुस्त अंकेक्षण में उपलब्ध नही कराया गया। जिसके कारण क्रीत गाड़ी के मरम्मती से सम्बन्धित सामान (पार्टस आदि) के उपयोग की सत्यता एवं प्रयोजन से अंकेक्षण को स्पष्ट नही हो सका। इस प्रकार क्रय किए गए गाड़ी सामग्री (पाटर्स आदि) का मूल्य रू0 14,425=00 के व्यय को आपत्ति के अन्तर्गत रखा जाता है।

अतः सम्बन्धित उच्चान्धिकारियों एवं पदाधिकारियों का ध्यान इस ओर विशेषरूप से आकृष्ट किया जाता है कि गाड़ी मरम्मति हेतु क्रय किए गए सामग्री (पार्टस आदि) की सत्यता एवं उपयोगिता की जाँच अपने स्तर से कर वस्तु स्थिति से वित्त(अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी अवगत कराया जाय।

(28) अप्रस्तुत अभिलेखो के कारण रू0 24,38,442=00 का व्यय आपत्ति के अन्तर्गत :–

उपलब्ध योजना पंजी की जाँच एवं समीक्षा के क्रम में पाया गया कि विभिन्न शीर्षो के अन्तर्गत भिन्न–भिन्न योजनाओं मे कुल रू0 24,38,442=00 का व्यय किया गया था। विस्तृत विवरण प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'ब' में दर्ज है।

ज्ञातव्य हो कि अंकेक्षण के बार–बार मौखिक एवं लिखित अनुरोध के बाद भी सम्बन्धित योजना अभिलेखो को उपलब्ध नही किए जाने के कारण व्यय की औचित्य की जाँच नही की जा सकी। फलतः सम्पूर्ण राशि रू0 24,38,442=00 को आपत्ति के अन्तर्गत रखा जाता है।

व्यय की जाँच आवश्यक अभिलेखो के अभाव में नही किए जाने की ओर सक्षम पदाधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है। सम्बन्धित अभिलेखो को

उपलब्ध कर अपने स्तर से जाँच एवं आवश्यक कारवाई करते हुए प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी अवगत कराय जाय।

(29) यात्रा भत्ता मद में भुगतान की राशि रू0 11,138=00 आपत्ति के अन्तर्गत :–

अंकेक्षण के क्रम में पाया गया कि यात्रा भत्ता के रूप में विभिन्न कर्मचारियों तथा पदाधिकारी को कुल रू0 11,138=00 का भुगतान किया गया था। जिसकी विस्तृत विवरण इस प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'भ' में दी गई है।

परन्तु इससे सम्बन्धित यात्रा भत्ता विपत्रों की कार्यालय प्रतियाँ अंकेक्षण में उपलब्ध नही कराया गया। इस सम्बन्ध में निर्गत आपत्ति के अनुपालन में कहा गया कि यात्रा भत्ता विपत्रो की कार्यालय प्रतियों की खोज की जा रही है। जो संतोष प्रद प्रतीत नही होता है। फलस्वरूप उक्त भुगतान राशि की सत्यता की जाँच अंकेक्षण दल द्वारा नही की जा सकी।

अतः इस ओर सक्षम पदाधिकारियों का ध्यान विशेषरूप से आकृष्ट करते हुए कहना है कि अनुपलब्ध यात्रा भत्ता विपत्रों की खोज अपने स्तर से रूकवाकर इसकी जाँच के उपरान्त प्रतिफल से वित्त(अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी अवगत कराया जाय। प्रति कुल परिस्थिति में राशि वसूली योग्य भी हो सकती है।

सम्प्रति सम्पूर्ण व्यय की राशि रू0 11,138=00 को आपत्ति के अन्तर्गत रखा जाता है।

(30) नाजीर रसीद से प्राप्त राशि रू0 16,195=25 को कोषागार में जमा योग्य :–

नाजीर रसीद से प्राप्त राशियों की जाँच एवं सत्यापन में पाया गया कि वर्ष 98–99 से 02–03 तक में विभिन्न शीर्षो के अन्तर्गत कुल रू0 16,195=25 की प्राप्ति हुई थी। तथा इसकी प्रविष्टी भी सम्बन्धित रोकड़ पंजी में दर्ज थी। जिसका विस्तृत विवरण प्रतिवेदन की परिशिष्ट 'म' में दर्ज है।

परन्तु उक्त प्राप्त राशियों को एक लम्बी अवधि के उपरान्त भी (अंकेक्षण समाप्ति की तिथि तक) कोषागार में अपेक्षित शीर्ष के अन्तर्गत जमा नही किया गया पाया। इस सम्बन्ध में ज्ञातव्य हो कि इसप्रकार से प्राप्त राशियों को एक सप्ताह के अन्दर ही कोषागार के अपेक्षित शीर्ष में जमा कर देना था। अन्यथा राशि के दुरूपयोग/विचलन की सभ्भावना बनी रहती है। निर्गत आपत्ति को अनुपालन भी अंकेक्षण दल को नही लौटाया गया।

अतः अंकेक्षण का सुझाव है कि अबिलम्ब उक्त राशि रू0 16,195=25 को कोषागार के अपेक्षित शीर्ष में जमा कर इसकी सूचना वित्त(अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी दी जाय।

(31) रू0 13,000=00 का अस्थायी अग्रीम असमायोजित :–

वर्ष 98–99 से 02–03 के अस्थायी अग्रीम की जाँच के क्रम में पाया गया कि विभिन्न कर्मचारियों/व्यक्तियों के नाम से कुल रू0 13000=00 का अस्थायी अग्रीम की राशि अंकेक्षण अवधि तक असमायोजित था। जिसका भुगतान अन्यान्य कार्य हेतु किया गया था। विस्तृत विवरण प्रतिवेदन के परिशिष्ट य पर दी गई है।

जाँच क्रम में पाया गया कि कार्य सम्पादन नही करने या आंशिक रूप से करने के कारण उपर्युक्त राशि समायोजन हेतु लम्बित थी। इस सम्बन्ध में निर्गत आपत्ति का अनुपालन कर कार्यालय द्वारा नही लौटाया गया। फलतः दिया गया अग्रीम की स्थिती यथावत ही रह गई।

अतः अग्रीम स्वरूप दर्शित रू0 13000=00 सम्बन्धित कर्मचारियों/व्यक्तियों से अविलम्ब समायोजित जाय। समायोजित नही होने की स्थिति में राशि की वसूल कर कोषागार के उचित शीर्ष अन्तर्गत जमा का सूचना वित्त(अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी दी जाय।

(32) रू0 69788=00 का अप्रविष्ट अभिश्रवों पर विचलन द्वारा व्यय अनियमित :–

वर्ष 98–99 से 2002–03 तक के अभिश्रव पंजी/अभिश्रव रोकड़ रोकड़पंजी की जाँच एवं सत्यापन में पाया गया कि उक्त अवधि में कार्यालय द्वारा विभिन्न सामग्रियों के क्रय हेतु बिना आबंटन के ही विचलन द्वारा व्यय किया गया था। जिससे अप्रविष्ट अभिश्रवों की राशि में उत्तरोतर वृद्धि होती गई। इस प्रकार वर्ष के अन्त तक कुल रू0 69788=00 का व्यय अप्रविष्ट अभिश्रव के रूप में समेकित रूप से उपलब्ध राशियों से ही किया गया, जो अप्रविष्ट अभिश्रव के रूप में पड़ा है।

इस प्रकार बिना आबंटन के रू0 69788=00 का व्यय बिहार ट्रेजरी कोड भाग –1 नियम 299 एवं वित्त नियमावली के खंड–1 के नियम –8 के प्रतिकुल है।

अतः उच्चाधिकारियों/पदाधिकारियों का ध्यान इस ओर विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है कि अबिलम्ब आबंटन प्राप्त कर अप्रविष्ट अभिश्रवों का समायोजन किया जाय तथा की गई करवाई से वित्त(अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को भी अवगत कराया जाय। ?

भाग –2

(33) भंडार का भौतिक सत्यापन नही किया जाना :–

बिहार वित्त नियमावली भाग –1 के नियम 143 के आलोक में भंडार का वार्षिक अथवा अर्धवार्षिक सत्यापन वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य किया जाना था तथा इससे सम्बन्धित आशय का प्रमाण पत्र भंडार पंजी में अंकित भी करना था।

परन्तु भंडार पंजी की जाँच में पाया गया कि अंकेक्षण समाप्ति तिथि तक किसी भी भंडार का भौतिक सत्यापन नही किया गया था जो अनियमित है।

अतः अंकेक्षण का सुझाव है कि भविष्य में इसे आवश्यक रूप से किया जाय एवं सम्बन्धित आशय का प्रमाण पत्र भी भंडार पंजी में अंकित किया जाय।

(34) निरीक्षण/पर्यवेक्षण का अभाव पाया जाना :–

सरकारी निदेशानुसार विभागीय अधिकारी/पदाधिकारी द्वारा समय–समय पर निरीक्षण पर्यवेक्षण कर आशय की अभियुक्ति सम्बन्धित अभिलेखों पर उल्लिखित किया जाना था।

परन्तु जाँच क्रम मे पाया गया कि विभागीय उच्चाधिकारी/पदाधिकारी का निरीक्षण/पर्यवेक्षण कर अभियुक्ति उल्लिखित किया नही पाया गया। जो सरकारी नियमों का स्पष्ट अवहेलना है।

अतः निरीक्षण/पर्यवेक्षण का कार्य भविष्य में नियमपूर्वक करने का अंकेक्षण का सुझाव है, जिसे अवश्य ही किया जाय।

(35) सामान्य अनियमितताएँ :–

(क) योजना अभिलेखों की जाँच में पाया गया कि संलग्न सामग्रियों के अधिकांश अभिश्रव सादे कागज पर ही था। तथा वे प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा पारित/हस्ताक्षरित भी नही था। जबकि आपूत्तिकर्त्ता से छपे हुए प्रपत्र मे ही उनपर मुद्रित क्रम संख्याँ एव निबंधन संख्या सहित विपत्र ही स्वीकार किया जाना याहिए था। ताकि सरकारी राजस्व की चोरी रोकी जा सके। साथ ही अभिकर्त्ता के द्वारा किए गए कार्य के भुगतान के पूर्व उन्हे पारित किया जाना चाहिए था। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अधिकांश अभिश्रव सक्षम पदाधिकारी द्वारा पारीत नही था। भविष्य में इसे तपरतापूर्वक पालन करने की ओर विभाग के उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

(ख) सामग्रियों से सम्बन्धित अभिश्रवों पर ढुलाई की दुरी तथा किस खनन से ढुलाई की गई थी इसका उल्लेख प्रायः नही था। दूरी का उल्लेख नही रहने पर भी देय सीमा तक

ढुलाई व्यय का भुगतान किया गया था जिसका कोई उपचार नही था। भविष्य में वैसे अभिश्रव ही स्वीकार किए जाँए जिनपर उपरोक्त दोनों ही प्रकार का उल्लेख हो।

(ग) कनीय अभियंता द्वारा मापी पुस्त के अनुरूप विपत्र तैयार कर अभिलेख के साथ संलग्न नही किया गया था ताकि कार्यलय द्वारा भी इसकी जाँच के पश्चात् भुगतान हेतु पारित किया जा सकें। समुचित जाँच के अभाव में वित्तीय अनियमितता की संम्भावना हो सकती है। भविष्य में मापी विपत्र प्राप्त कर उसकी जाँच के पश्चात् ही भुगतान हेतु पारित किया जाय।

मिलान एवं शुद्धिकर्त्ता का हस्ताक्षार

(1)

(2)

लेखा नियंत्रक

वित्त(अंकेक्षण) विभाग,बिहार पटना

परिशिष्ट – ''क'' कंडिका 1(ट) से सम्बन्धित

प्रस्तुत अभिलेखों की सूची :–

1. सहायक रोकड़ पुस्त (सभी शीर्षो का)– 98–99 से 02–03 तक
2. सामान्य रोकड़ पुस्त – 98–99 से 02–03 तक
3. विपत्र पंजी – 98–99 से 02–03 तक
4. नाजीर रसीद (भौल्युम सं0 64से 78 तक एवं 150)– 98–99 से 02–03 तक
5. कोंषागार जमा पंजी – 98–99 से 02–03 तक
6. अग्रिम पंजी अघतन
7. अभिश्रव पंजी अघतन
8. अग्रिम रोकड़ पंजी अघतन
9. अभिश्रव रोकड़ पंजी अघतन
10. वेतन भुगतान पंजी (शीर्ष 2505,2515 एवं पदा0 का) 98–99 से 02–03
11. यात्रा भत्ता भुगतान पंजी (शीर्ष 2505,2515 एवं पदा0 का) 98–99 से 02–03
12. बैंक चेक पंजी
13. बैंक पास बुक (सभी बैंक)
14. यात्रा भत्ता विपत्र (आंशिक कार्यालय प्रति)
15. गाड़ी का लॉग बुक
    (क) BR-10A6815 - 4–3–97 से 1–10–97 तक
    (ख) BRJ-1142– 14–10–98 से 25–5–00 तक
    (ग) BRJ-7822– 5–7–96 से 22–2–97 तक

16. अभिश्रवों का रक्षी संचिकायें (सभी शीर्षो का)
17. भंडार पंजी (स्थायी सामग्री)
18. भंडार पंजी (अस्थायी सामग्री का आंशिक)
19. बजट नियंत्र पंजी
20. योजना पंजी – (क) जवा0 रो0 योजना
    (ख) इंदिरा आवास योजना
    (ग) सांसद/विधायक योजना
    (ध) सुनि0 रोजगार योजना
    (ड़) जिला योजना आदि
21. योजना अभिलेख (आंशिक) – तदैव (क से ड़ तक)
22. स्वंतत्रता सेनानी भुगतान पंजी – 98–99 से 02–03 तक
23. वृद्धावस्था भुगतान पंजी तथा लेजर – 98–99 से 02–03 तक
24. छात्र वृति भुगतान पंजी
25. प्रोत्साहन भत्ता भुगतान पंजी
26. सेवा पुस्त (आंशिक)

27. खाद्याना (चावल) से सम्बधित संचिका

अप्रस्तुत अभिलेखों की सूची

1. खाद्यान्न भंडार पंजी (गेहूँ एवं चावल)
2. योजना अभिलेख (आंशिक)
3. भंडार पंजी (अस्थायी सामग्री का आंशिक)
4. यात्रा भत्ता विपत्रों की कार्यालय प्रति (आंशिक)
5. गाड़ी का लॉग बुक –
    (क) बी0आर0जे0 106815 – 2–10–98 से 31–3–03 तक
    (ख) बी0आर0जे0 310 – वर्ष 98–99 से 02–03 तक
    (ग) बी0आर0जे0 1142 – 26–5–00 से 31–3–03 तक
    (ध) बी0आर0जे0 9582 – वर्ष 98–99 से 02–03 तक
6. गाड़ी का इतिहास पुस्त
    (क) बी0 आर0 जे0 –310 – 98–99 से 02–03
    (ख) बी0 आर0 जे0 – 1142 – 98–99 से 02–03
    (ग) बी0 आर0 10 ए0 6815 – 98–99 से 02–03
    (ध)
7. सेवा पुस्त (आंशिक)

परिशिष्ट ''ख'' कंडिका –1 (ड) से सम्बन्धित
आवंटन एवं व्यय विवरणी
शीर्ष – 2515 स्थापना

वर्ष 1998–99

क्र0 सं0	मद	प्राप्त राशि	व्यय की गई राशि	अधिक व्यय	बचत	अभियुक्ति
1	वेतन	475585.00	162866.00	—	312719.00	शेष बची राशि को प्रत्यार्पण नही किया गया।
2	कार्या0 व्यय	6480.00	6480.00	—	—	
3	ईधन	20925.00	20922.00	—	03	
4	यात्रा व्यय	6480.00	6480.00	—	—	

वर्ष 99–00

क्र0 सं0	मद	प्राप्त राशि	व्यय की गई राशि	अधिक व्यय	बचत	अभियुक्ति
1	वेतन	675800.00	77896.00	—	597904.00	बची राशि को प्रत्यार्पण नही किया गया।

वर्ष 2000–01

क्र0 सं0	मद	प्राप्त राशि	व्यय की गई राशि	अधिक व्यय	बचत	अभियुक्ति
1	वेतन	1631400.00	131441.00	—	1499959.00	बची राशि को प्रत्यार्पण नही किया गया।
2	कार्या0 व्यय	4000.00	3999.00	—	01	‘‘
3	वाहन रखाव	35000.00	34991.00	—	09	‘‘
4	यात्रा भत्ता	50000.00	—	—	50000.00	‘‘

वर्ष 2001–02

क्र0 सं0	मद	प्राप्त राशि	व्यय की गई राशि	अधिक व्यय	बचत	अभियुक्ति
1	वेतन	2993000.00	437146.00	—	2555854.00	बची राशि को प्रत्यार्पण नही किया गया।
2	कार्या0 व्यय	9957.00	9787.00	—	170.00	‘‘
3	ईधन एवं वाहन रखाव	27000.00	25535.00	—	1465.00	‘‘
4	यात्रा भत्ता	7457.00	5359.00	—	2098.00	‘‘

वर्ष 2002–03

क्र0 सं0	मद	प्राप्त राशि	व्यय की गई राशि	अधिक व्यय	बचत	अभियुक्ति
1	वेतन	450000.00	349005.00	—	100995.00	शेष बची राशि को प्रत्यार्पण नही किया गया।
2	कार्या0 व्यय	12250.00	12246.00	—	04	‘‘
3	वाहन रखाव	33000.00	32997.00	—	03	‘‘
4	यात्रा भत्ता	12750.00	1400.00	—	11550.00	‘‘

शीर्ष 2515 पंचायत स्थापना

वर्ष 02–03

क्र0	मद	प्राप्त राशि	व्यय की	अधिक	बचत	अभियुक्ति

सं0			गई राशि	व्यय		
1	वेतन	600000.00	595134.00	—	4866.00	शेष बची राशि को प्रत्यार्पण नही किया गया।

शीर्ष 2505 (जे0 आर0 वाई0)

वर्ष 98—99

क्र0 सं0	मद	प्राप्त राशि	व्यय की गई राशि	अधिक व्यय	बचत	अभियुक्ति
1	वेतन	70000.00	70000.00	—	—	राशि जिला से चेक द्वारा प्राप्त

वर्ष 99—2000

क्र0 सं0	मद	प्राप्त राशि	व्यय की गई राशि	अधिक व्यय	बचत	अभियुक्ति
1	वेतन	112000.00	112000.00	—	—	राशि जिला से चेक द्वारा प्राप्त

वर्ष 2000—01

क्र0 सं0	मद	प्राप्त राशि	व्यय की गई राशि	अधिक व्यय	बचत	अभियुक्ति
1	वेतन	314000.00	293339.00	—	20661.00	शेष बची राशि को प्रत्यार्पण नही किया गया।

वर्ष 2001—02

क्र0 सं0	मद	प्राप्त राशि	व्यय की गई राशि	अधिक व्यय	बचत	अभियुक्ति

1	वेतन	270000.00	131092.00	—	138908.00	शेष बची राशि को प्रत्यार्पण नही किया गया।
2	कार्या0 व्यय	10000.00	7463.00	—	2537.00	''
3	यात्रा भत्ता	4000.00	4000.00	—	—	''

वर्ष 2002–03

क्र0 सं0	मद	प्राप्त राशि	व्यय की गई राशि	अधिक व्यय	बचत	अभियुक्ति
1	वेतन	130000.00	127012.00	—	2988.00	शेष बची राशि को प्रत्यार्पण नही किया गया।
2	कार्या0 व्यय	5000.00	4998.00	—	02	''

परिशिष्ट – ''ग'' कंडिका 1(ड) से सम्बन्धित

1. शीर्ष 2235 (स्वंतत्रता सेनानी)

क्रमांक	वित्तीय वर्ष	प्रा0 शेष	प्राप्ति	कुल प्राप्ति	व्यय	शेष	अभियुक्ति
1	98—99	55610.00	277940.00	333550.00	123540.00	210010.00	
2	99—00	210010.00	275880.00	485890.00	203778.00	282112.00	
3	00—01	282112.00	120000.00	402112.00	207279.00	194833.00	
4	01—02	194833.00	113940.00	308773.00	170230.00	138543.00	138543.00
5	02—03	138535.00	107970.00	246505.00	126852.00	119653.00	

2. शीर्ष बुनियादि न्यूनत्तम सेवाये (इन्दिरा आवास)

क्रमांक	वित्तीय वर्ष	प्रा0 शेष	प्राप्ति	कुल प्राप्ति	व्यय	शेष	अभियुक्ति
1	98—99	1793000.00	—	1793000.00	162000.00	1631000.00	
2	99—00	1631000.00	3650000.00	5281000.00	1858000.00	3423000.00	3423000.00
3	00—01	3569500.00	—	3569500.00	919760.00	2649740.00	
4	01—02	2649740.00	—	2649740.00	580132.00	2069608.00	
5	02—03	2069608.00	—	2069608.00	450880.00	1618728.00	

3. शीर्ष सांसद/विधायक योजना

क्रमांक	वित्तीय	प्रा0 शेष	प्राप्ति	कुल प्राप्ति	व्यय	शेष	अभियुक्ति

	वर्ष						
1	98—99	196893.00	423336.00	620229.00	256337.00	363892.00	
2	99—00	363892.00	429600.00	793492.00	455797.00	337695.00	
3	00—01	337695.00	—	337695.00	109500.00	228195.00	
4	01—02	228195.00	33400.00	261595.00	22000.00	239595.00	
5	02—03	239595.00	2005400.00	2244995.00	1221500.00	1023495.00	

4. शीर्ष जवाहर रोजगार योजना (इंदिरा आवास)

क्रमांक	वित्तीय वर्ष	प्रा0 शेष	प्राप्ति	कुल प्राप्ति	व्यय	शेष	अभियुक्ति
1	98—99	1253861.60	1105500.00	2359361.60	605630.00	1753731.60	
2	99—00	1753731.60	5300000.00	7053731.60	2100000.00	4953731.60	
3	00—01	4953731.60	1110000.00	6063731.60	1750524.00	4312907.60	
4	01—02	4312907.60	2420000.00	6732907.60	3031203.00	3701704.60	
5	02—03	371704.60	1560000.00	5261704.00	2001613.00	3260091.60	

परिशिष्ट "ग" क्रमशः

5. शीर्ष सधन/सुनिश्चित रोजगार योजना

क्रमांक	वित्तीय वर्ष	प्रा0 शेष	प्राप्ति	कुल प्राप्ति	व्यय	शेष	अभियुक्ति
1	98–99	299396.00	185600.00	2155396.00	1660578.00	494818.00	
2	99–00	494818.00	1974300.00	2469118.00	1451200.00	1017918.00	
3	00–01	1017918.00	1176400.00	2194318.00	1851400.00	342918.00	
4	01–02	342918.00	401400.00	844318.00	359866.00	484452.00	
5	02–03	484452.00	–	484452.00	125000.00	359452.00	

6. शीर्ष 2702 लघु सिचाई

